


# 275 छात्राओं ने निकाली विशाल स्वच्छता रैली

- नगर पालिका कर्मचारियों ने भी उठाई झाड़ू
- गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत कन्या स्कूल का आयोजन



**बड़नगर।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा नगर में एक विशाल स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें विद्यालय की लगभग 275 छात्राओं और पूरे स्टाफ ने भाग लेकर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सांदीपनि विद्यालय से होती हुई सेवा बस्ती पहुंची। वहां से प्रदीप उद्यान से पुनः मुख्य मार्ग होते हुए वापस विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। रैली के दौरान छात्राएं और शिक्षक स्वच्छता आधारित प्रेरणादायक गीत गाते और नारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा मार्ग गुंजायमान हो उठा।

**सफाई मित्रों ने भी बढ़ाया उत्साह:** रैली का मुख्य आकर्षण छात्राओं के साथ-साथ नगर पालिका के स्वच्छता कार्यकर्ता भी हाथों में झाड़ू लेकर रैली में साथ चले, जिससे आम जनता में बेहद सकारात्मक संदेश गया।

**स्वच्छता को जीवन में ढालें- प्राचार्य:** रैली के समापन पर प्राचार्य आर. एस. परमार ने सभी को संबोधित करते हुए स्वच्छता को केवल एक दिन का अभियान न बनाकर दैनिक जीवन में अपनाने की बात कही। इस आयोजन की विस्तृत रूपरेखा और सफल संचालन शिक्षक अखिलेश पाठक द्वारा किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

आयोजन के दौरान श्वेता अजमेरा, भगवान सिंह मारू, महेंद्र स्वर्णकार, दीपक शर्मा, सरिता व्यास, सुभद्रा ओझा, ललिता गोयनार, प्रीति जावड़ा, प्रवीण शर्मा, ममता शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, इमरान अली, शिवानी वर्मा, सुरेंद्र गोयल, मनोहर माली एवं सुनील मकवाना सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# परोपकार ही शिव की सच्ची भक्ति है



**घट्टिया।** भगवान शिव का चरित्र हमे परोपकार करना सिखाता है। भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा के लिए समुद्र मंथन से निकले कोलाहल विष को पीकर सम्पूर्ण सृष्टि पर परोपकार किया व सभी की रक्षा की उसी प्रकार हमे भी सदैव परोपकार करना चाहिए।

परोपकार ही भगवान शिव की सच्ची भक्ति है। उक्त बात औदिच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला में चल रही शिव महापुराण कथा में कथा व्यास पं. संतोष व्यास ने कही। साथ ही कथा में शिव पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया व गौ हत्या बंद करने व गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने का आव्हान किया। इसी के साथ कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर मंच से ठाकुर बाबूसिंह तंवर, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार काबरा, पटेल मनोहरलाल पण्डया, सुदर्शन त्रिवेदी ने उद्बोधन दिया। आरती का लाभ यजमान मोहन सिंह पंवार, डॉ. बाबूलाल मेहता, सत्यनारायण पण्ड्या, राजेंद्र मेहता, मधुसूदन मेहता, घनश्याम मेहता, अवंतीलाल त्रिवेदी, ईश्वर लाल, पाठक अनोखी लाल, प्रहलाद सिंह व्यास, जगदीश नारायण त्रिवेदी, सुरेंद्र व्यास, भगवान सिंह सोलंकी, सत्यनारायण त्रिवेदी, लाल सिंह तोमर, महेंद्र सिंह पवार, प्रेम नारायण पण्ड्या आदि ने लिया। बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन के साथ आध्यात्मिक प्रवचन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर में

### डॉ. दिल्लीवाल को एक्सीलेंस इन डेंटिस्ट्री अवार्ड




**उज्जैन।** दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उज्जैन के जाने-माने दंत चिकित्सक डॉ. हितेश दिल्लीवाल को इंदौर में एक्सीलेंस इन डेंटिस्ट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान 27 जुलाई को इंदौर के सयाजी होटल में आयोजित होलकर प्राइड अवार्ड 2026 समारोह में प्रदान किया गया। शुभ श्री इवेंट के तत्वावधान में आयोजित इस गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर सांसद शंकर लालवानी और डीसीपी क्राइम अलका अलावा उपस्थित थीं। अतिथियों ने डॉ. दिल्लीवाल को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में डीसीपी अलका अलावा ने डॉ. दिल्लीवाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यह सम्मान दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उनके श्रेष्ठ और सराहनीय कार्यों के लिए दिया गया है। आयोजक संस्था शुभ श्री इवेंट की डायरेक्टर सुषमा शर्मा ने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से विशिष्ट पहचान बनाने वाले नागरिकों को सम्मानित करना था। सम्मान प्राप्ति के बाद डॉ. दिल्लीवाल ने सांसद शंकर लालवानी, डीसीपी अलका अलावा और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान चिकित्सा जगत के दिग्गज और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अग्रवाल जेसिस ने रोपे पौधे




**उज्जैन।** अंकपात मार्ग स्थित गया कोठा पर भगवान पुरुषोत्तम नारायण मंदिर के बगीचे में अग्रवाल जेसिस द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण और टिफिन ट्रिप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर विजय अग्रवाल के निर्देशन में नीम, पीपल, जामुन और अशोक के पौधे रोपे गए। अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण और भगवान पुरुषोत्तम नारायण की आरती कर की गई। इस अवसर पर जेसिस द्वारा चेयर रेस, हाऊजी तंबोला, झूले एवं विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ। इस अवसर पर ट्रस्टी विजय अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, पूर्व ट्रस्टी जगदीश गोयल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, संजय अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, योगेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, निहारिका गर्ग एवं ममता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे। अंत में जगदीश गोयल ने आभार माना।

### गिरिराज रतन मंदिर परिसर में लायंस क्लब उज्जैन अशोक ने रोपे 101 पौधे



**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब उज्जैन अशोक द्वारा कानीपुरा रोड स्थित गिरिराज रतन मंदिर परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान छोटे-बड़े 101 पौधे रोपे गए। क्लब सदस्यों ने पौधारोपण के साथ ही उनकी उचित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस पुनीत कार्य में क्लब के सदस्यों के साथ स्थानीय रहवासियों ने भी उत्साहपूर्वक अपना सहयोग प्रदान किया। पौधारोपण कार्यक्रम में लायन दिग्विजय, लायन शशांक, लायन पंकज, लायन अखंड, लायन दुबे, लायन तरुण और लायन धर्मेंद्र के साथ ही स्थानीय निवासी प्रेम विश्वकर्मा, राहुल ठाकुर और मोहन विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### उज्जैन के 7 लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने ली दायित्व की शपथ

**उज्जैन।** शहर के सात लायंस क्लब का संयुक्त दायित्व ग्रहण समारोह धर्म संपन्न हुआ। समारोह में लायंस क्लब उज्जैन ऊर्जा, डायमंड, शिवाय, जागृति, अनुराग, आनंद और श्रेयांस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रथम उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने पद और दायित्वों की शपथ ली। कार्यक्रम में शपथ विधि अधिकारी वीडीजी-2 एमजेएफ लायन संजय सक्सेना ने सभी क्लब पदाधिकारियों को रोचक और प्रभावी तरीके से शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने लायनवाद के सिद्धांतों और इसके मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, साथ ही आयोजन में किए गए नवाचारों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आसन्नपूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर और एमसीसी एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ ने अपने उद्बोधन में सभी शपथ लेने वाले क्लबों के नामों को काव्यमय शैली में प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने पदाधिकारियों का ध्यान लायंस इंटरनेशनल के सेवा लक्ष्यों की ओर भी आकर्षित किया। समारोह की शुरुआत में ध्वज वंदना और विश्व शांति पाठ लायन आशु नागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ लायन राकेश शर्मा, लायंस ऑफ उज्जैन के को-ऑर्डिनेटर गौतम शर्मा, रीजन चेयरपर्सन संजीव गडकरी और भोपाल से आए राजेश सुखरमानी उपस्थित थे।

# अव्यावहारिक टारगेट से परेशान डाक कर्मचारियों का आंदोलन तेज



**उज्जैन।** डाक विभाग में थोपे जा रहे अव्यावहारिक टारगेट और विभाग के क्रमिक निजीकरण के विरोध में उज्जैन डाक संभाग के कर्मचारियों ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है। वर्तमान में कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं और लंच ब्रेक में नारेबाजी कर विरोध दर्ज करा रहे हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी जायज मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 5 अगस्त को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी, जिसकी पूर्व सूचना विभाग को दी जा चुकी है।

**काउंटर ड्यूटी के साथ थमा रहे मार्केटिंग का काम:** भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी के संभागीय सचिव कौशल वर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की नियुक्ति डाकघरों में आने वाले ग्राहकों को सेवाएं देने के लिए हुई है। इसके बावजूद उन पर नियमित कार्य के साथ घर-घर जाकर डाक जीवन बीमा, बचत खाते, स्पीड पोस्ट, पार्सल और अन्य योजनाओं के लिए नए ग्राहक जोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। एक ही कर्मचारी से पूरे समय काउंटर पर काम कराने और फिर मार्केटिंग कर भारी-भरकम टारगेट पूरे करने की अपेक्षा करना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि प्रबंधन के असंवेदनशील रवैये को भी दर्शाता है।

### मानसिक दबाव में स्वयं के पैसे लगा रहे कर्मचारी

संभागीय सचिव वर्मा ने आरोप लगाया कि डाक कर्मचारी आमजन को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन लगातार बढ़ते मानसिक दबाव के कारण गुणवत्तापूर्ण सेवा और लक्ष्य के बीच संतुलन बनाना कठिन हो गया है। दबाव के चलते कई कर्मचारी अपनी जेब से पैसा लगाकर खाते खुलवाने और बीमा कराने को विवश हैं। इतना ही नहीं, एक लक्ष्य पूरा होते ही कई गुना बड़ा नया लक्ष्य दे दिया जाता है। इस स्थिति ने कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवारों का भी मानसिक तनाव बढ़ा दिया है।



# सांदीपनि विद्यालय में गुरु-शिष्य प्रेरणा संवाद

**घट्टिया।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टिया में गुरू शिष्य प्रेरणा संवाद का आयोजन प्रार्थना सभा में किया गया।

शिक्षक सुनील कुमार कुमावत एवं जितेंद्र गौतम द्वारा विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें जीवन में गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उपप्राचार्य रानू परमार द्वारा एक लघु नाटक के द्वारा विद्यार्थी से संवाद करते हुए उन्हें अनुशासन का महत्व बताया।

संस्था प्राचार्य सुनील नामदेव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें संस्कार के स्थान विनम्रता के साथ जीवन में यापन करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन माध्यमिक शिक्षक महेश मकवाना ने किया।

# मैत्री कारवां में शामिल हुए 100 से अधिक परिवार

**उज्जैन।** जैन सोशल ग्रुप मैत्री द्वारा आयोजित दो दिवसीय मैत्री कारवां 2026 और मैत्री विला नाइट आउट का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में 100 से अधिक दंपत्तियों और उनके परिवारों ने हिस्सा लिया। उज्जैन से 50 कारों का भव्य काफिला इंदौर के लिए रवाना हुआ। इस पारिवारिक आयोजन में सदस्यों ने रिसॉर्ट में ठहरने के साथ ही विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों और ट्रैकिंग का आनंद लिया।

यात्रा की शुरुआत उज्जैन से अल्पाहार और आत्मीय मिलन के साथ हुई। इसके बाद 50 वाहनों का अनुशासित कारवां इंदौर के लिए रवाना हुआ, जिसका ड्रोन शूट भी किया गया। मार्ग में श्री जैन श्वेतांबर संघ नरवर द्वारा ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ काफिले का स्वागत किया गया। रिसॉर्ट पहुंचने पर सभी ने प्राकृतिक वातावरण के बीच विला में विश्राम किया। यहां परिवारों के लिए रोचक गेम्स, महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष गतिविधियां, हास्य-मनोरंजन और डीजे नाइट का आयोजन हुआ।



### टीम भावना और आयोजन की हुई सराहना

इस आयोजन को सफल बनाने में ग्रुप के अध्यक्ष अशोक कोठारी, संस्थापक अभिषेक सेठिया, सचिव संजय जैन सोनी, टीम मैत्री, विभिन्न समितियों और ग्रुप लीडर्स का विशेष योगदान रहा। सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और अनुशासन की सराहना की। सदस्यों का कहना था कि अध्यक्ष अशोक कोठारी के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम पूरी तरह से सुव्यवस्थित और परिवारों को जोड़ने वाला रहा। समापन पर सभी ने आयोजक मंडल का आभार किया।

# पांच लाख रुपए की स्वीकृति के बावजूद महूडीपुरा श्मशान की हालत नहीं सुधरी

**घट्टिया। विकास कार्यों के लिए जारी राशि का दुरूपयोग किस ढंग से होता है। इसका जीता जागता उदाहरण समीपस्थ ग्राम पंचायत महूडीपूरा के श्मशान स्थल को देखकर लगाया जा सकता है।**

ग्रामीणों की मांग पर विधायक दिनेश जैन बोस ने पांच लाख रुपए की स्वीकृति दी थी व जनवरी में भूमिपूजन के साथ ही राशि भी जारी हो गई थी। कुछ दिन काम चला, मगर श्मशान की हालत नहीं सुधरी। ग्रामीण मांगूसिंह दरबार, मुकेश शर्मा, सौदान सिंह बामनिया का कहना है कि श्मशान पर मुश्किल से एक डेढ़ लाख रुपए का खर्च किया गया है। श्मशान के रास्ते पर घुटने तक कीचड़ होने से अंतिम यात्रा में जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों गांव के नागरिकों ने इस संबंध में विधायक दिनेश जैन बोस को अवगत कराते हुए दोषी व जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।





# आज नि:शुल्क बंटेगे बीज व पौधे

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शहर के पटेल नगर अंकपात मार्ग निवासी पर्यावरण प्रेमी अर्पित गोयल अनंत और उनका परिवार एक सराहनीय पहल करने जा रहा है। गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई से हरियाली अमावस्या 12 अगस्त 2026 तक उनके द्वारा नागरिकों को नि:शुल्क बीज और पौधे वितरित किए जाएंगे। यह वितरण अंकपात मार्ग स्थित अनंत के नमकीन से किया जाएगा। अर्पित गोयल ग्रीष्म ऋतु में विभिन्न बीजों का संग्रह करते हैं और बारिश शुरू होते ही उन्हें अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और अन्य पर्यावरण प्रेमियों को वितरित करते हैं। उनके द्वारा मुख्य रूप से तुलसी, बेलपत्र, मीठा नीम, सब्जियों, गुलमोहर, अमलतास, नीम और सुरजना के बीज व पौधे बांटे जाएंगे। ये बीज आसानी से अंकुरित होकर जल्द ही बड़े हो जाते हैं। वे जहां भी पौधरोपण होता है, वहां पौधों के आसपास भी बीज लगा देते हैं। पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए गोयल मिट्टी और गोबर की खाद मिलाकर उसमें नीम, इमली और जामुन के बीज डालकर विशेष सीड बॉल भी तैयार करते हैं। बारिश के समय इन बॉल्स को खेतों, सड़क किनारे और जंगलों में डाल दिया जाता है, जिससे इनके अंदर मौजूद बीज प्राकृतिक रूप से अंकुरित होकर पौधे का रूप ले लेते हैं। नागरिक अंकपात मार्ग स्थित उक्त प्रतिष्ठान पर संपर्क कर बेलपत्र, मीठा नीम, सब्जियों के पौधे और बीज नि:शुल्क प्राप्त कर पर्यावरण बचाने की इस मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं।

# पुलिस पेंशनर संघ ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत पुलिस पेंशनर संघ उज्जैन ने शहर में जनजागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

फ्रीगंज स्थित टावर चौक से रैली को सीएसपी दीपिका शिंदे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः टावर चौक पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागी नशा छोड़ो, नशा करना पाप है और नशे से बनाएं दूरी जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक करते हुए चल रहे थे। साथ ही नागरिकों के बीच जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए। पुलिस पेंशनर संघ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदौरिया एवं मीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस पेंशनर संघ ने समाज में नशे के खिलाफ जनजागरण का संदेश देने के लिए इस रैली का आयोजन किया। अभियान दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चला। रैली में प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ, प्रमुख पेंशनर संघ, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर संघ, सेवा दल सहित कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सीएसपी दीपिका शिंदे ने कहा कि पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी पुलिस पेंशनर समाजहित में नशा मुक्ति अभियान चला रहे हैं, जो सराहनीय पहल है। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को प्रभावित करता है और कई बार वह अपराध का कारण भी बन जाता है। इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को नशे से दूर रहना चाहिए।




वहीं अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदौरिया ने कहा कि पुलिस सेवा के दौरान उन्होंने देखा है कि अधिकांश अपराध किसी न किसी रूप में नशे से जुड़े होते हैं। रैली और पंपलेट वितरण के माध्यम से लोगों तक यही संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया है कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को बर्बाद कर देता है।

## एक नजर

### नानाखेड़ा से निकलेगी पालकी यात्रा, टावर चौक से बसों से रवाना होंगे श्रद्धालु

# 84 महादेव दर्शन यात्रा 2 से, सीएम दिखाएंगे भगवा ध्वज, 10 हजार मातृशक्तियां भी शामिल होगी

**उज्जैन।** पवित्र श्रावण मास में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और आमजन को इससे जोड़ने के उद्देश्य से चौथी निशुल्क 84 महादेव दर्शन यात्रा का आगाज 2 अगस्त से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे और पालकी का पूजन करेंगे। इस विशाल दर्शन यात्रा में 10 हजार से अधिक मातृशक्तियां सहभागिता करेंगी।

आयोजक ललित लुल्ला और शेशांत चंदेरिया ने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात नानाखेड़ा से पालकी यात्रा निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा पूजन के बाद पालकी यात्रा वेद नगर, सुभाष नगर, सतराम सिंधी कॉलोनी, तिराहा और तीन बत्ती चौराहा होते हुए टावर चौक पहुंचेगी। यात्रा में भजन गायक मनीष तिवारी भजनों की प्रस्तुति देंगे। टावर चौक पहुंचने के बाद श्रद्धालु बसों में बैठकर 84 महादेव दर्शन के लिए रवाना होंगे। यह यात्रा अगस्त माह के प्रत्येक रविवार 2, 9, 16, 23 और 30 अगस्त को आयोजित होगी। टावर चौक पर वॉलंटियर्स पूरे समय व्यवस्थाओं के लिए मौजूद रहेंगे।

आयोजन समिति द्वारा यात्रा में शामिल मातृशक्तियों को लाल चुनरी साड़ी भेंट की जाएगी। सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन और स्वल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को चातुर्मास में 11 पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया जाएगा। दर्शन यात्रा में जाने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को एक-एक बिल्व पत्र का पौधा भेंट किया जाएगा, । संस्था संरक्षक नारायण यादव, प्रेरणा स्रोत महेश परयानी और संयोजक वैभव यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा में भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर रामनाथ जी महाराज, वाल्मिकी धाम के पीठाधीश्वर व राज्यसभा सदस्य बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि जी महाराज और कृष्ण मित्रवृंदा धाम के संस्थापक गिरीश गुरु जी का सानिध्य रहेगा।



### इन्होंने की सफल बनाने की अपील

आयोजन को सफल बनाने की अपील हरिसिंह यादव, कार्य परिषद सदस्य गौरव धाकड़, लोकेश आडवाणी, गोपाल बलवानी, दीपक बेलानी, कपिल बाशानी, अजय रोहरा, नरेश धनवानी, नितिन वासवानी, महेंद्र यादव, महेंद्र कटियार, शैलेश दुबे, पंडित दीपक शर्मा, दीपक पांचाल, हितेश तिवारी, गौरव पंवार, चंद्रभानसिंह ठाकुर, सागर नागवंशी, अनोखीलाल उनदेरी, चेतन दुबे, अंजू बागोरिया, टीना सिसोदिया, कमला कहार, गायत्री शर्मा, ज्योति खरे, रीना मालवीय, कल्पना सक्सेना, भावना गोठवाल और आरती सिसोदिया ने की है।